बुधवार 05 जून 2019
हिन्दुस्तान 24

ग्रेनो मेट्रो में सबसे ज्यादा यात्रियों ने सफर किया

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

ग्रेनो मेट्रो में 3 जून को सबसे अधिक लोगों ने सफर किया। सोमवार यानि 3 जून को 20614 लोगों ने सफर किया। इससे पहले 27 मई को 19413 लोगों ने सफर किया था।

एक्वा लाइन पर एनमआरसी ने 3 जून से व्यस्त समय में 7 मिनट 30 सेकेंड और बाकी समय में 10-10 मिनट के अंतराल में मेट्रो चलानी शुरू कर दी थी। पहले व्यस्त समय में 10 मिनट और बाकी समय में 15-15 मिनट में मेट्रो मिलती थी। अब मेट्रो 213 फेरे प्रतिदिन लगा रही है। इससे पहले 163 फेरे लगाती थी। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि पहले दिन ही इस नई व्यवस्था का असर देखने को मिला। इस रूट पर राइडरशिप का रिकॉर्ड बन गया। एनमएआरसी की प्रवक्ता संध्या शर्मा ने बताया कि साढ़े चार महीने में इस रूट पर सवारियों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। आने वाले समय में लोगों की सहूलियत के लिए और सुविधाएं लागू की जाएंगी। इससे और यात्री बढ़ेंगे।

रिकॉर्ड

- सोमवार को 20614 लोगों ने एक्वा लाइन पर यात्रा की
- इससे पहले 27 मई को 19413 लोगों ने सफर किया था